915
25/4/2018

बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

## आदेश

कुशल युवा कार्यक्रम के माह दिसम्बर बैच, 2017 के प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा दिनांक–05 एवं 06 मार्च, 2018 को आयोजित की गयी थी तथा Knowledge partner, MKCL के द्वारा सभी SDC/BSDC को दिनांक–5 एवं 6 मार्च, 2018 को आयोजित कुशल युवा कार्यक्रम की परीक्षा के Uploded exam data का सत्यापन दिनांक–08 मार्च,2018 के संध्या 6.00 बजे तक करने का निदेश दिया गया था। Knowledge partner, MKCL के द्वारा Uploaded exam data का सत्यापन किये जाने हेतु email के माध्यम से सभी SDC/BSDC को स्मारित किया गया तथा इसे बिहार कौशल विकास मिशन के Web portal के support blog में भी उपलब्ध कराया गया । सभी SDC/BSDC को दिनांक–05 एवं 06 मार्च, 2018 को आयोजित परीक्षा के Uploaded exam data का सत्यापन करने हेतु Cluster Manager तथा संबंधित Regional Manager के स्तर से भी दूरभाष पर सूचना दी गयी, लेकिन निर्धारित तिथि तक 14 SDC/BSDC यथा–

1. Maxwell Computer Center, बांका, KYP code 01020009
2. Prerna Society of Technical Education & Research, भभुआ, KYP code 06030011
3. SMC Education Sanstha, भागलपुर, KYP code 01010029
4. Nav Jagriti Educational Trust, भोजपुर, KYP code 06010005
5. Parmpara Foundation, गया, KYP code 04020009
6. Universal Service for Enhancement & Revolution of Society, जमुई, KYP code 05020008
7. BSDC, ,बेलदौर, खगड़िया, KYP code 05030008
8. BSDC, ,कौआकोल, नवादा, KYP code 04040027
9. BSDC, बिक्रम, पटना, KYP code 06050079
10. Gautam Budha Pvt. ITI, समस्तीपुर,KYP code 02030003
11. Saurabh Computer,समस्तीपुर, KYP code 02030019
12. BSDC, मोहद्दीनगर, समस्तीपुर, KYP code 02030038
13. Vedanta Institute, समस्तीपुर, KYP code 02030060 तथा
14. BSDC, लालगंज, वैशाली, KYP code 09060022 के द्वारा निर्धारित तिथि दिनांक–8 मार्च, 2018 के संध्या 6.00 बजे तक Uploded exam data का सत्यापन नहीं किया गया ।

यह भी उल्लेखनीय है कि दो संस्था– SMC,Education Sanstha, भागलपुर, KYP code 01010029 तथा Universal Service for Enhancement & Revolution of Society, जमुई, KYP code 05020008 के द्वारा गत माह में भी दिनांक– 1 एवं 2 फरवरी, 2018 को आयोजित परीक्षा के Uploded exam data का सत्यापन नहीं किया गया था, जिसके लिए बिहार कौशल विकास मिशन के आदेश ज्ञापांक–315 दिनांक–16.03.2018 के द्वारा उनके नवम्बर, 2017 बैच के Final Invoice से 30% की राशि कटौती करने का आदेश निर्गत किया गया है ।

निर्धारित तिथि तक Uploded exam data का सत्यापन नहीं किये जाने के कारण Knowledge partner, MKCL के द्वारा उपर्युक्त अंकित 14 केन्द्रों की सूची उपलब्ध करायी गयी तथा यह उल्लेख किया गया कि इन केन्द्रों के द्वारा Uploded data का सत्यापन नहीं करने के कारण दिनांक–5 एवं 6 मार्च, 2018 को आयोजित परीक्षा बैच के Result के प्रकाशन की प्रक्रिया बाधित है तथा इस कारण अगले बैच के प्रशिक्षण को प्रारंभ करने में भी विलंब हो जाने की संभावना है ।

Knowledge partner, MKCL से प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक–5 एवं 6 मार्च, 2018 को आयोजित परीक्षा का परिणाम बिना इन 14 केन्द्रों के सत्यापन के हीं Process करने का निदेश दिया गया तथा बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–BSDM/SDM-18/2017-337 दिनांक–20.03.2018 के द्वारा इन सभी 14 केन्द्रों से स्पष्टीकरण की मॉंग की गयी ।

पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में 7 संगठनों के द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया, लेकिन क्रमांक–2, क्रमांक–3, क्रमांक–6, क्रमांक–9, क्रमांक–10, क्रमांक–12 तथा क्रमांक–14 के संस्थाओं के द्वारा कोई स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया ।

जिन संगठनों के द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया, उनके द्वारा या तो यह कहा गया कि उनके केन्द्र पर कार्यरत कर्मियों के भूल के कारण Uploded exam data का सत्यापन नहीं हो पाया या यह कहा गया कि Internet connectivity उपलब्ध नहीं रहने के कारण उनके द्वारा इस Data का सत्यापन नहीं किया जा सका ।

7 संगठनों से प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार करने योग्य नहीं है । कुशल युवा कार्यक्रम के माह दिसम्बर, 2017 बैच का Exam event 5 एवं 6 मार्च, 2018 को आयोजित था तथा Uploded exam data के सत्यापन की अंतिम तिथि दिनांक–8 मार्च, 2018 के संध्या 6.00 बजे तक निर्धारित थी । इसके लिए सभी केन्द्रों को लगातार email तथा दूरभाष से सूचना दी गयी । वाबजूद उपर्युक्त अंकित 14 केन्द्रों के द्वारा Uploded exam data का सत्यापन नहीं करना उनके लापरवाही का परिचायक है, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है । दिनांक–6 मार्च,2018 के पश्चात लगातार 8 मार्च,2018 तक Internet की Connectivity उपलब्ध नहीं रही हो, यह भी स्वीकार करने योग्य नहीं है । Uploded exam data का सत्यापन नहीं होने से परीक्षाफल प्रकाशित करने की प्रक्रिया बाधित होती है तथा किसी भी केन्द्र को पूरे बैच के परीक्षाफल को बाधित करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है । क्रमांक–3 के SMC Education Sanstha तथा क्रमांक–6 के Universal Service for Enhancement & Revolution of Society के द्वारा गत माह में भी न तो Uploded exam data को सत्यापित हीं किया गया, न हीं पूछे गये स्पष्टीकरण का कोई जवाब हीं दिया गया, जिससे यह प्रमाणित होता है कि ये दोनों केन्द्र कुशल युवा कार्यक्रम के प्रति संवेदनशील नहीं हैं ।

अतः सभी संगठनों से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया जाता है तथा उन्हें चेतावनी दी जाती है कि यदि भविष्य में उनके द्वारा Exam data को Upload करने या Uploded exam data का सत्यापन करने में कोताही बरती जाती है तो उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जा सकती है । साथ हीं पूर्व पृष्ठ पर अंकित क्रमांक–1 से 14 में से क्रमांक–3 के SMC Education Sanstha तथा क्रमांक–6 के Universal Service for Enhancement & Revolution of Society को छोड़कर शेष 12 केन्द्रों के माह दिसम्बर, 2017 बैच के Final Invoice से 30% की राशि की कटौती की जाती है । क्रमांक–3 के SMC Education Sanstha तथा क्रमांक–6 के Universal Service for Enhancement & Revolution of Society के द्वारा लगतार दो माह Uploded exam data का सत्यापन नहीं करने तथा पूछे गये स्पष्टीकरण का कोई जवाब नहीं देने के प्रमाणित आरोपों के लिए उनके दिसम्बर, 2017 बैच के Final Invoice से 40% की राशि की कटौती की जाती है ।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि पूर्व पृष्ठ पर अंकित 14 कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों के द्वारा यदि भविष्य में Exam data को Upload करने या Uploaded data

के सत्यापन में तत्परता नहीं बरती जाती है तो ऐसे केन्द्रों के विरुद्ध अर्थ दण्ड के रूप में उनके उस बैच से 50% की राशि की कटौती या स्थायी रूप से केन्द्र को बंद कर दिये जाने की कार्रवाई भी की जा सकती है ।

(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–18/2016–915 पटना,दिनांक– 25/4/2018

प्रतिलिपि– Maxwell Computer Center, बांका, KYP code 01020009/ Prerna Society of Technical Education & Research, भभुआ, KYP code 06030011/ SMC Education Sanstha, भागलपुर, KYP code 01010029/ Nav Jagriti Educational Trust, भोजपुर, KYP code 06010005/ Parmpara Foundation, गया, KYP code 04020009/ Universal Service for Enhancement & Revolution of Society, जमुई, KYP code 05020008/ BSDC, ,बेलदौर, खगड़िया, KYP code 05030008 / BSDC, ,कौआकोल, नवादा, KYP code 04040027 / BSDC, बिक्रम, पटना, KYP code 06050079 / Gautam Budha Pvt. ITI, समस्तीपुर,KYP code 02030003/ Saurabh Computer, समस्तीपुर, KYP code 02030019/ BSDC, मोहद्दीनगर, समस्तीपुर, KYP code 02030038/ Vedandata Institute, समस्तीपुर, KYP code 02030060/ BSDC, लालगंज, वैशाली, KYP code 09060022 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) मिशन निदेशक/ प्रशासी पदाधिकारी/ मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन/ मिशन प्रबंधक, वित्त, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। मिशन प्रबंधक, वित्त को आदेश दिया जाता है कि वे क्रमांक–1,2,4,5,7,8,9,10,11,12,13 तथा 14 के कौशल प्रशिक्षण केन्द्र के माह दिसम्बर, 2017 बैच के Final Invoice से 30% की राशि तथा क्रमांक–3 तथा क्रमांक–6 के माह दिसम्बर, 2017 बैच के Final Invoice से 40% की राशि की कटौती करना सुनिश्चित करें । मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को आदेश दिया जाता है कि वे इस आदेश की प्रति को सभी SDC/BSDC को परिचारित करना सुनिश्चित करें ।

(3) Project Director, MKCL/ Project Director, SPMU(E&Y)/ SPMU Incharge, बांका, कैमूर,भागलपुर,भोजपुर,गया,जमुई,खगड़िया,नवादा,पटना,समस्तीपुर तथा वैशाली/ श्री रत्नदीप सिंह, प्रबंधक,MIS & M&D को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । निदेश दिया जाता है कि इस आदेश को बिहार कौशल विकास मिशन के Web portal पर Upload करना/कराना सुनिश्चित करें ।

प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।